**नोहलेश्वर महोत्सव** ▶ पारंपरिक ब्रज के राई लोकनृत्य में अपने आप को थिरकने से नहीं रोक पाए लोधी, नोहलेश्वर महोत्सव बना ऐतिहासिक

# राज्यमंत्री ने जनसमुदाय के साथ खेली फूलों की होली

**नवभारत,दमोह 11 फरवरी।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन व महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव 2026 का पंचम दिवस भक्ति, संस्कृति और जनआस्था के भव्य उत्सव में अपार जनसमर्थन प्राप्त हुआ।

नोहटा स्थित नोहलेश्वर धाम में आयोजित पारंपरिक ब्रज की राई लोक नृत्य में आस्था का जन सैलाब देखने मिला, जिसने पिछले साल के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी व उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं भगवान गणेश के विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ। राज्यमंत्री लोधी ने कहा कि नोहटा जैसे सांस्कृतिक केंद्रों पर आयोजित महोत्सव जन-जन को जोड़ने का कार्य करते हैं।



### युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए अवसरों का उत्सव

उन्होंने कहा कि नोहलेश्वर महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए अवसरों का उत्सव है। मुख्यमंत्री का आगमन इस क्षेत्र को नई पहचान और नई संभावनाएं देगा। नोहलेश्वर महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह स्थानीय कला, संस्कृति और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का एक सशक्त मंच भी बनकर उभर रहा है।

### जिले के समस्त पत्रकारों का किया गया सम्मान

महोत्सव को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले लोकतंत्र के चौथे स्तंभ जिले के समस्त सम्मानीय पत्रकारों का मंच के माध्यम से संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी एवं मेले के संयोजक सत्येंद्र सिंह लोधी द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। एक मंच पर जिले के समस्त पत्रकारों की उपस्थिति ने एकता का अनोखा संदेश प्रस्तुत किया जो अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है।

### गायक जितेंद्र खरे ने लोकगीतों की प्रस्तुति दीं

प्रसिद्ध लोकगीत गायक जितेंद्र खरे जित्तू एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत सुमधुर लोकगीतों ब्रज की सांस्कृतिक राई लोकनृत्य ने महोत्सव में उपस्थित जनसैलाब को जमकर नचाया और साथ ही राज्यमंत्री लोधी ने पुष्प वर्षा कर फू लों की होली खेली। इस भक्तिमय माहौल ने परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। ब्रज की राई में भक्ति के साथ सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का सुंदर संदेश देखने को मिला।

### स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों ने मन मोहा

इससे पूर्व स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। चारों ओर दर्शक कार्यक्रम का आनंद लेते नजर आए। मुख्य कार्यक्रम के पूर्व स्थानीय कलाकारो ने अपनी प्रस्तुति दी जिसमे स्थानीय प्रतिभाओं को महोत्सव के मंच अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिला और उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजीव अयाची, जुगल शर्मा, अमन जैन, ब्रजेन्द्र राठौर ने किया।





# इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी से 7 लाख की लूट

**दमोह-सागर स्टेट हाईवे की घटना**

**नवभारत,दमोह 11 फरवरी।** सागर रोड पर देहात थाना क्षेत्र के परसौरिया गांव में मंगलवार रात दमोह के इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी राजा सिंधी के साथ बाइक सवार तीन अज्ञात लोगों ने 7 लाख रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया. आरोपियों ने व्यापारी को कट्टा अड़ाकर इस घटना को अंजाम दिया. घायल व्यापारी को गंभीर हालत में इलाज के लिए पुलिस के द्वारा जिला अस्पताल लाया गया.

जानकारी के अनुसार दमोह के किसान भवन के सामने दुकान संचालित करने वाले व्यापारी राजा सिंधी उर्फ राजकुमार नागदेव ने बताया कि वह गढ़ाकोटा में पैसों की वसूली के लिए गए हुए थे. उनका माल गढ़ाकोटा में कई दुकानों पर सप्लाई होता है. मंगलवार रात जब वह वसूली से वापस लौट रहे थे. इसी दौरान गढ़ाकोटा से कुछ ही दूर पर परसौरिया गांव के समीप एक बाइक पर आए तीन लोगों ने पहले उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गये.

### आरोपियों ने की व्यापारी की रेकी

व्यापारी के ऊपर इसके पहले भी हमला हो चुका है. अज्ञात आरोपियों ने जिस प्रकार से घटना को अंजाम दिया है उसे देखकर लगता है कि आरोपियों ने पहले व्यापारी की रेकी की और उसके बाद इस घटना को अंजाम दिया है. पुलिस के द्वारा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खागाले जा रहे हैं.

### आरोपियों ने कट्टा अड़ाकर बैग छीन लिया

इसके बाद आरोपियों ने कट्टा अड़ाकर 7 लाख रुपए से भरा बैग उनसे छीन लिया और मौके से भाग गए. उन्होंने तत्काल अपने परिजनों और व्यापारियों को सूचना दी. जिसके बाद डायल 112 मौके पर पहुंची और घायल व्यापारी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सागर नाका चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

# जंगली सुअर का मांस खाते 4 गिरफ्तार

▶ **अवैध शिकार का प्रकरण दर्ज, न्यायालय ने भेजा जेल**

**नवभारत,दमोह 11 फरवरी।** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व सागर के वनमंडलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 फरवरी की रात्रि लगभग 8:15 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गेम परिक्षेत्र सिंगपुर अंतर्गत राजस्व ग्राम हरदुआ में कृष्णा कुर्मी के खेत पर जंगली जानवर के मांस की पार्टी चल रही है।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वन दल द्वारा मौके पर चार व्यक्तियों को जंगली सुअर का पका हुआ मांस खाते हुए पाया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने जंगली सुअर का मांस खाने की बात स्वीकार की। आरोपियों की पहचान सूरज रैकवार, सुरेश रैकवार, सीताराम पटेल व हरिसिंह के रूप में हुई।



### वन अपराध का मामला दर्ज

उन्होंने बताया कि चारों आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध के तहत अवैध शिकार का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। तत्पश्चात सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय द्वारा चारों के खिलाफ जेल वारंट जारी कर उन्हें जेल अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# आत्महत्या के बाद अस्थि यात्रा लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे प्रदर्शनकारी

▶ **परिजन बैरिकेड तोड़कर परिसर में घुसे, नर्स पर कार्रवाई की मांग की, मीडिया ने भी जताया विरोध**

**नवभारत,दमोह 11 फरवरी।** पन्ना जिले के सिमरिया थाना अंतर्गत ग्राम टपरियन निवासी 23 वर्षीय महेंद्र सिंह लोधी की आत्महत्या के मामले ने बुधवार को उग्र रूप ले लिया. न्याय नहीं मिलने से आहत होकर आत्महत्या करने वाले युवक के परिजन मृतक की अस्थियां, पत्नी और मासूम बच्चे को साथ लेकर हिंडोरिया से पैदल दमोह कलेक्ट्रेट पहुंचे और जमकर प्रदर्शन किया.

मामले की पृष्ठभूमि 9 जून 2025 की है, जब महेंद्र सिंह अपनी गर्भवती पत्नी को रनेह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिखाने गए थे. वहां पदस्थ नर्स नीलिमा यादव पर उनके साथ अभद्रता और बस में रास्ता रोककर मारपीट करने का आरोप लगा था. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. पीड़ित ने नर्स के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए आत्महत्या की चेतावनी भी दी थी.



### नर्स पर कार्रवाई नहीं होने पर की आत्महत्या

परिजनों का आरोप है कि लंबे समय तक कार्रवाई नहीं होने से आहत होकर महेंद्र ने हाल ही में आत्महत्या कर ली. बुधवार सुबह 8 बजे से परिजन और लोधी समाज के लोग अस्थियां लेकर कलेक्ट्रेट के लिए निकले. ओबीसी महासभा ने भी मोर्चा खोलते हुए दोषी पर सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की. प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे दृगपाल सिंह लोधी ने प्रशासन को चेतावनी दी थी कि धरना-प्रदर्शन को रोका गया तो स्थिति की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी.

### पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग

संभावित घेराव को देखते हुए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में जबलपुर नाका, हटा नाका, सागर नाका सहित प्रमुख स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात कर बैरिकेडिंग की गई थी. बावजूद इसके प्रदर्शनकारी बैरिकेड हटाते हुए परिसर में प्रवेश कर गए. मुख्य द्वार के सामने नारेबाजी करते हुए लोगों ने नर्स नीलिमा यादव के खिलाफ तत्काल कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की. इस दौरान बैरिकेड तोड़कर प्रवेश का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया.

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम आरएल बागरी व एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और शीघ्र कार्रवाई की मांग की. परिजनों ने कहा कि जब तक दोषी के विरुद्ध ठोस कदम नहीं उठाए जाते, वे आंदोलन जारी रखेंगे.स्थिति को देखते हुए कलेक्टर कक्ष की ओर जाने वाले गेट बंद कर दिए गए. साथ की कवरेज के दौरान कुछ लोगों से झड़प के बाद कवरेज के लिए पहुंचे पत्रकारों को भी अंदर जाने से रोक दिया गया, जिससे मीडिया कर्मियों में नाराजगी फैल गई।

## एक नजर में



### सतगुरु बाबा ईश्वरशाह का दमोह आगमन

**नवभारत,दमोह।** वर्षों के लंबे अंतराल के बाद जीवनमुक्त सतगुरु बाबा ईश्वरशाह का दमोह आगमन एक अविस्मरणीय क्षण बन गया. उनकी उपस्थिति से वातावरण भक्ति, प्रेम और उल्लास से भर गया. संगत के हृदय भावविह्वल थे, अश्रु श्रद्धा बनकर झर रहे थे और करबद्ध प्रार्थनाएं वर्षों की प्रतीक्षा को स्वर दे रही थीं. यह आगमन आत्माओं का अपने स्रोत से पुनर्मिलन था, अनंत कृपा की अनुभूति थी. दमोह तहसील ग्राउंड में 10 फरवरी को आयोजित सत्संग और भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और धर्म लाभ प्राप्त किया.



### भारतीय सफाई मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,दमोह।** भारतीय सफाई मजदूर संघ जिला दमोह जिला व नगर कार्यकारिणी के सदस्य के द्वारा पुन: एक ज्ञापन मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौपा गया। जिसमें प्रमुख रूप से सफाई कर्मचारियों को एरियास और कर्मचारियों को ड्रेस एवं आईडी कार्ड देने के संबंध में जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने तुरंत मांगों के संबंध में एरियास भुगतान और आई कार्ड जारी करने को संबंधित अधिकारी को आदेशित किया। इस दौरान भारतीय सफाई मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष सिकंदर खरारे, जिला महामंत्री निखलेश चौहान,नगर अध्यक्ष सुनील करोसिया, नगर महामंत्री रत्नेश खरारे, नगर उपाध्यक्ष देवेंद्र करोसिया, ब्रजकांत गोदरे, राजेश गोदरे आदि उपस्थित रहे।

### भोले बाबा का वैवाहिक कार्यक्रम 13 से

**नवभारत,दमोह।** भोले बाबा की वैवाहिक कार्यक्रमों में 13 फरवरी को मंडप, 14 फरवरी को मायना एवं 15 फरवरी को बारात दोपहर 12 बजें श्री बड़ी देवी मंदिर रोड, राईस मिल मेन गेट के बाजू में श्री शिव-शनि चबूतरे से प्रारंभ होकर देव श्री जटाशंकर घाम दमोह पहुँचेगी ।सभी भक्तों से उपस्थिति की अपील बंटी यादव ने की है।

### शिक्षक प्रेम झारिया का निधन



**कुम्हारी नवभारत।** माध्यमिक शाला देवरी रतन के शिक्षक प्रेम झारिया का 57 वर्ष की आयु में बीमारी के चलते निधन हो गया। अंत्येष्टि गांव के मुक्तिधाम में सम्पन्न हुई। सभी वर्गो के लोगों ने शवयात्रा में शामिल होकर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# दो वर्षों से खाली पड़ी इमारत पर उठ रहे सवाल

▶ **लाखों रुपये की लागत से बनी वन विभाग की बिल्डिंग बेकार**

**नवभारत,सिंग्रामपुर 11 फरवरी।** वन विभाग द्वारा लाखों रुपये की लागत से निर्मित की गई शासकीय बिल्डिंग बीते लगभग दो वर्षों से उपयोग के अभाव में खाली पड़ी है। सरकारी धन से तैयार इस भवन का अब तक समुचित उपयोग नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी और असंतोष देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, इस भवन का निर्माण क्षेत्र में वन संबंधी गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के ठहरने की व्यवस्था करने तथा वन संरक्षण से जुड़े कार्यों को गति देने के उद्देश्य से किया गया था। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद न तो यहां नियमित स्टाफ की तैनाती की गई और न ही कार्यालयीन कार्य प्रारंभ हो सके हैं।






### रेंजर मनीष पटेल कर अपडाउन

ग्रामीणों का कहना है कि सिंग्रामपुर के रेंजर मनीष पटेल वर्तमान में अपडाउन कर रहे हैं, जबकि लाखों रुपये की लागत से तैयार भवन वीरान पड़ा हुआ है। यदि अधिकारी एवं स्टाफ की नियमित उपस्थिति यहां सुनिश्चित की जाती, तो वन क्षेत्र की निगरानी और प्रशासनिक कार्य अधिक प्रभावी ढंग से संचालित हो सकते थे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भवन निर्माण के दौरान बड़े स्तर पर बजट खर्च किया गया, लेकिन आज यह इमारत ताले में बंद है।

### देखरेख के अभाव में भवन हो रहा खराब

देखरेख के अभाव में भवन की स्थिति धीरे-धीरे खराब होती जा रही है। परिसर में झाड़ियां उग आई हैं और साफ-सफाई की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे सरकारी संपत्ति के संरक्षण पर भी प्रश्नचिह्न लग रहे हैं ।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते यहां कार्यालय शुरू कर दिया जाता, तो क्षेत्र में वन संरक्षण, अवैध कटाई पर रोकथाम और वन्यजीव सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को मजबूती मिलती। वर्तमान में यह भवन केवल औपचारिकता और दिखावे का प्रतीक बनकर रह गया है।

# बोर्ड परीक्षाओं के लिए 90 केंद्र निर्धारित

▶ **7 बने आदर्श परीक्षा केंद्र, प्रवेश द्वार पर गुब्बारों से स्वागत**

**नवभारत,दमोह 11 फरवरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिले में कुल 90 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से सात केंद्रों को आदर्श परीक्षा केंद्र के रूप में विकसित किया गया है, जहां परीक्षार्थियों को बेहतर और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है।

आदर्श परीक्षा केंद्र के रूप में सांदीपनि विद्यालय पथरिया, सांदीपनि विद्यालय तेंदूखेड़ा, सांदीपनि विद्यालय दमोह, सांदीपनि विद्यालय हटा, सांदीपनि विद्यालय पटेरा, सांदीपनि विद्यालय जबेरा तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खडेरी को तैयार किया गया है। इन केंद्रों पर विद्यार्थियों का स्वागत प्रवेश द्वार पर गुब्बारों के साथ किया जा रहा है, जिससे परीक्षा का तनाव कम हो और सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो सके।



### शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई

प्रत्येक कक्षा के बाहर शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। साथ ही स्वच्छ शौचालय, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और पंखों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किया गया है कि परीक्षा केंद्रों का माहोल हर दृष्टि से परीक्षा के अनुकूल, शांत एवं सुव्यवस्थित रहे, ताकि विद्यार्थी बिना किसी असुविधा के आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दे सकें।

**भागवत कथा** ▶ अतिरुद्र महायज्ञ, पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं संगीतमय श्रीमद भागवत कथा में दी अनुशासन में रहने की सलाह

# जीवन में संयम वाला सदाचारी है तो आयु सौ वर्ष की होती है : शास्त्री

**नवभारत,हटा 11 फरवरी।** वर्तमान परिवेश में भावी भविष्य का पहलू काफी चिंताजनक हो गया है। आज समाज में एक होड़ सी मची हुई है कि अपने बच्चों को किसी भी तरह का अभाव नहीं होने देंगे, चाहे इसके लिए हमें कर्ज ही क्यों न उठाना पड़े, किंतु यह उनके लिए हितकर नहीं हैं। हम उनकी छोटी छोटी कामनाओं को तो आज पूर्ण कर देंगे, लेकिन आगे चलकर वह इसके आदी हो जाएंगे और बड़ी कामनाओं की पूर्ति नहीं होगी तो उनका जीवन ही गलत दिशा में भटकने लगता है इसलिए उनको अनुशासन में रखो।

उक्त उदगार नगर हटा के दूल्हा भेष धारी देव श्री गौरीशंकर मंदिर परिसर में आयोजित अतिरुद्र महायज्ञ, पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन दद्दा कला मंच से कथा व्यास पं. डॉ. अनिल शास्त्री घनश्याम बाग द्वारा दिए गए। उन्होंने कहा कि बच्चे को पांच वर्ष तक प्यार दुलार और इसके बाद सख्ती और अनुशासन, जबकि सोलह वर्ष की आयु के पश्चात उससे मित्रवत व्यवहार होना चाहिए।





### परमात्मा सर्वत्र विद्यमान है

उन्होंने कथा श्रवण कर रहे अभिभावकों से अनुरोध किया कि वह अपने बच्चों को शिक्षा, दीक्षा, संस्कार और अनुशासन में रहने का ज्ञान देते रहे। कथा में बताया गया कि परमात्मा सर्वत्र विद्यमान है, पृथ्वी से उपर सात और पृथ्वी से नीचे सात लोक हैं। इसके साथ ही जड़, चेतन, मेघ, आकाश, नदियां व वृक्ष जो भी दुनिया में है, प्रभु का वहां पर वास है।

### लोग चिंतन व संयम को नहीं देते महत्व

जीवन संयम की व्याख्या करते हुए शास्त्री ने बताया कि अगर जीवन में संयम वाला सदाचारी है तो आयु सौ वर्ष की होती है, लेकिन वर्तमान में लोग चिंतन और संयम को उतना महत्व नहीं देते हैं। कहते हैं कि अंत के समय भगवंत का स्मरण कर लिया जाए तो उद्धार हो जाता है, लेकिन यह सत्य नहीं हैं, क्योंकि जीवन भर हम गृहस्थ जीवन में जो भी देखते हैं, सोचते हैं और करते हैं वही हमारे जीवन में आसपास अंत तक चलता रहता है।

### धर्म के आयोजन में कल्याण की आहुतियां

धर्म के इस महाआयोजन में प्रात: पं. डॉ. मथुरा प्रसाद शुक्ल वाराणसी के निर्देशन में विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए आहूत अतिरुद्र महायज्ञ अनुष्ठान में 8 बजे से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यजमान 25 कुंडीय महायज्ञ में वैदिक मंत्रों के साथ हवनात्मक आहुतियां दे रहे है। दूसरी ओर प्रात:7 बजे से बड़ी संख्या में श्रद्धालु देव श्री गौरीशंकर मंदिर पहुंचकर विधि विधान एवं भक्ति भाव के साथ पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर और महाभिषेक कर भव्य शोभायात्रा कर माध्यम से ढोल नगाड़ों पर थिरकते हुए सुनार नदी के घुराघाट तट पर मंगल आरती के साथ पार्थिव शिवलिंग विसर्जित कर धार्मिक पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है।


**आम सूचना**

यह कि मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सोने लाल रजक एवं कमलू रजक पिता श्री चेतराम रजक जो ग्राम सांगा पांजी तहसील तेन्दूखेड़ा जिला दमोह में निवास करते हैं, यह कि मेरे पक्षकार सोने लाल रजक एवं कमलू रजक की मौजा तेन्दूखेड़ा खास, वार्ड नं. 12, राजीव गांधी वार्ड में स्थित एक मकान एवं दुकान जो खसरा नंबर 283/1 में स्थित है जिसका कुल रकवा 550 वर्गफुट याने 51.11 वर्गमीटर है जो विक्रेता नारायण प्रसाद नेमा पिता श्री गनेश नेमा से दिनांक 01 / 08 / 2003 को उप-पंजीयक कार्यालय तेन्दूखेड़ा के समक्ष रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा कय किया था जिसका बुक नंबर अ1, ग्रंथ क्रमांक 366, दस्तावेज क्रमांक 185 है यह कि उक्त रजिस्ट्री एक सप्ताह पूर्व दिनांक 03/02/2026 को गुम हो गई है जिसकी सूचना भी दिनांक 09/02/2026 को लिखित रूप में पुलिस थाना तेन्दूखेड़ा तहसील तेन्दूखेड़ा, जिला दमोह में कर दी गयी है। यह कि मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को AU SMALL FINANCE BANK BRANCH JABALPUR में बंधक रखकर ऋण प्राप्त कर रहा है। ऐसी स्थिति में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सोनेलाल रजक एवं कमलू रजक के नाम की संपत्ति के संबंध में विक्रेता या किसी भी वारसान वारिसानों एवं किसी भी व्यक्ति विशेष तथा बैंक शासकीय अशासकीय एवं अर्धशासकीय एवं वित्तीय संस्थान, सोसायटी फर्म किसी भी कार्यालय को कोई भी आपत्ति या कहीं दान, बंधक, गिरवी, विक्रय अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति, संस्था व अन्य इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि के अंदर मेरे कार्यालय में पूर्ण दस्तावेज के साथ लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा, आपत्ति, स्वत्व मेरी पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

दिनांक: 12/02/2026
स्थान : दमोह (म.प्र.)

भवदीय
**आशीर्वाद चतुर्वेदी** (एडवोकेट)
पता-बस स्टेण्ड रोड, भारती गैस एजेंसी के बाजू में दमोह मो. नं.9977065535